ग्राम पंचायत भट्टा क्यारकूली में रोपे जायेगें लाखों पौधे

लोक संहिता प्रतिनिधि

मसूरी / विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल मसूरी के निकट ग्राम पंचायत भट्टा क्यारकूली में ग्रो ट्री व दीनदयाल उपाध्याय एक्शन और रिसर्च सोसायटी एनजीओ की ओर से पर्यावरण बचाने हेतु वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा इसके साथ-साथ पंचायत के अंतर्गत जल स्त्रोतों को बचाने के लिए भी वृक्षारोपण किया जायेगा। जिसका ग्रो टी एनजीओ के सीईओ विक्रांत तिवाडी द्वारा ग्राम पंचायत का स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें ग्राम पंचायत के अंतर्गत लाखों बाँज, बबाँस, आदि के साथ-साथ फलदार पेड़ व चारा पत्ती हेतु वृक्षारोपण किया जाएगा।साथ ही ग्रो ट्री के सीईओ विक्रांत तिवारी ने हमें पूर्ण रुप से विश्वास दिलाया की एक लाख पेड़ लगाने के संकल्प को पूरा करने के लिए हमारी पूरी मदद करेंगे पहले दस हजार पेड़ का लक्ष्य पूरा करेंगे। ग्राम प्रधान कौशल्या रावत ने बताया कि ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण का लक्ष्य लाख पौधे पर लगाने का है क्योंकि मसूरी व आसपास इस वर्ष अच्छी बर्फबारी होने के बावजूद भी पंचायत में बर्फबारी नहीं हुई यह चिंता का विषय है। इस मौके पर दीनदयाल उपाध्याय एनजीओ के राज जोशी, राकेश रावत, सुधांशु रावत, बिशन मन्युडा, गोल्डी रावत, धीरज रावत, शुभम थापली आदि के साथ-साथ अनेक लोग मौजूद रहे।